प्रेषक,

मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जनपद–महराजगंज।

पत्रांक– एस.पी.एम.यू. / सहयो0पर्यवे0 / महराजगंज / 2022–23 / 183 / 4319 दिनांक 17/09/2022

**विषय–** दिनांक 22.08.2022 से दिनांक 26.08.2022 **में राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में पायी गयी कमियों को निस्तारित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पत्र संख्या–SPMU/NHM/M&E/2022-23/2566-2 दिनांक 19.07.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से राज्य स्तरीय दल द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद का भ्रमण कर जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं वित्तीय व्यय की समीक्षा कर आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 22.08.2022 से दिनांक 26.08.2022 को जनपद महराजगंज का भ्रमण कर जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं वित्तीय व्यय की समीक्षा कर आख्या उपलब्ध करायी गयी है।

उपरोक्त आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर आपको इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि भ्रमण के दौरान पायी गयी कमियों को तीन दिवसों के अन्दर निस्तारित कराते हुए बिन्दुवार अनुपालन आख्या / कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को हार्ड एवं साफ्ट कापी प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक–भ्रमण आख्या।**

**भवदीया**

Aparna U

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

पत्रांक– एस.पी.एम.यू. / सहयो0पर्यवे0 / महराजगंज / 2022–23 / 183 तद्दिनांक–

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0, लखनऊ।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. मण्डलायुक्त, गोरखपुर मण्डल गोरखपुर।
4. जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद– महराजगंज ।
5. अपर निदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गोरखपुर मण्डल गोरखपुर।
6. समस्त महाप्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से कि अपने कार्यक्रमों से सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही हेतु जनपद को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
7. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / अधीक्षिका, जिला पुरूष / महिला चिकित्सालय जनपद– महराजगंज ।
8. जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एन0एच0एम0 जनपद– महराजगंज को इस निर्देश के साथ कि आख्या का अनुपालन कराते हुए कृत कार्यवाही की प्रगति–रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**(डा0 रवि प्रकाश दीक्षित)**
**नोडल अधिकारी–महराजगंज**

# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण आख्या जनपद–महराजगंज

## भ्रमण तिथि–22 से 26 अगस्त 2022

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ०प्र० लखनऊ के पत्रांक सं० SPMU/NHM/M&E/2022-23/2566-2 दिनांक 19.07.2022 का संदर्भ ग्रहण करना चाहें (प/क)। पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुपालन राज्य स्तरीय दल (श्री अरविन्द त्रिपाठी, सलाहकार आई0ई0सी0 एवं श्री बलराम तिवारी, रीजनल कोऑर्डिनेटर (स्टेट), ए०आर०सी० कम्यूनिटी प्रोसेस) द्वारा दिनांक 22.08.2022 से दिनांक 26.08.2022 तक के मध्य जनपद– महराजगंज का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण कर एल–3, एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर तथा सामुदायिक गतिविधियों का भ्रमण किया गया। जनपद की भ्रमण आख्या निम्नवत है–

**राज्य स्तरीय टीम के सदस्यः–**

1. श्री अरविन्द कुमार त्रिपाठी, परामर्शदाता, आई0ई0सी0, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।
2. श्री बलराम तिवारी, रीजनल कोआर्डिनेटर स्टेट, कम्यू0प्रो0, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।

राज्य स्तरीय दल द्वारा निम्न उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों का सहयोगात्म पर्यवेक्षण किया गया–

1. जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज।
2. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, महराजगंज।
3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रम्भौली।
4. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिथौरा।
5. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, पिपरा रसूलपुर।
6- VHND पिपरा रसूलपुर।

**जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज**

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | • चिकित्सालय के प्रवेश द्वार पर साईन बोर्ड नही लगा है। | साईन बोर्ड लगवाने हेतु चिकित्सा अधीक्षक को सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| 2 | • लेबर रूम मे उचित प्रकाश की कमी पायी गयी।<br>• लेबर टेबल पर कैलिस पैड नहीं था।<br>• लेबर रूम मे डिलेवरी बेड के बीच मे पार्टीशन कर्टेन पुराने हो गये है।<br>• लेबर रूम मे एक और रेडियेन्ट वार्मर की आवश्यकता है।<br>• डिजिटल वाच उचित स्थान पर कराया गया।<br>• सेवेन ट्रे सुव्यवस्थित रूप से नहीं था।<br>• इन्स्ट्रूमेन्ट ट्रॅाली व इमरजेन्सी ट्रॅाली को सही स्थान पर नहीं रखी गयी थी।<br>• लेबर टेबल पर फुट स्टेप नहीं था। | लेबर रूम में उचित प्रकाश व्यवस्था, लेबर टेबल पर कैलिस पेड, डिलिवरी बेड के बीच में पार्टीशन, रेडियन्ट वार्मर, डिजिटल वाच, सेवेन ट्रे सिस्टम, लेबर टेबल पर फुट स्टेप एवं लेबर रूम मे ए0सी0 लगवाने के सम्बन्ध में सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| 3 | • दो अलग अलग प्रोग्राम के काउन्सलर को एक ही कक्ष में बैठाया जा रहा है। आर0के0एस0के0 व फैमिली प्लानिंग काउन्सलर, इनके लिये अलग अलग रूम की व्यवस्था करायी जायें। | आर0के0एस0के0 व फैमिली प्लानिंग काउन्सलर के लिये अलग अलग रूम की व्यवस्था कराने, कलर कोडेड बेड शीट उपलब्ध कराने, इलेक्ट्रिक पैनल बनवाने, | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • कलर कोडेड बेड शीट नही पायी गयी व बेड शीट की कमी पायी गयी।<br>• अस्पताल परिसर मे कुछ इलेक्टिक पैनल खराब पाये गये, जिनको बदलवाने का निर्देश दिया गया।<br>• 102 व 108 का रजिस्टर व रिकार्ड बनाया जाये व उचित रख–रखाव किया जाये।<br>• डाईट रजिस्टर को नियमित रूप से पूर्ण किया जाये व प्रत्येक कॉलम भरा जाये।<br>• महिला गार्ड की तैनाती न होने के कारण लेबर रूम एवं लेबर वार्ड में तीमारदारों की बहुत भीड़ रहती है।<br>• एस0एन0सी0यू0 के 26 बेड पर 60 बच्चे एडमिट है।<br>• एन0आर0सी0 मे सैम व मैम रजिस्टर नही है, इसे शीघ्र ही रजिस्टर तैयार कर एडमिट बच्चों का रिकार्ड व विवरण नियमित रूप से तैयार किया जाये।<br>• एन0आर0सी0 मे डाईट डिस्प्ले नही है, इसे लगवाये जाने की आवश्यकता है।<br>• एन0आर0सी0 मे प्ले एरिया बनवाये जाने हेतु चिकित्सा अधीक्षक को अवगत कराया गया। | डायट रजिस्टर को नियमित तौर पर अद्यनांत करने, महिला गार्ड की तैनाती करने, गम्भीर रूप से बीमार बच्चों को एस0एन0सी0यू0 में अलग बेड उपलब्ध कराने एन0आर0सी में प्ले एरिया बनवाने हेतु सुझाव दिया गया। | |

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, महराजगंज

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | • लेबर रूम एवं लेबर वार्ड में प्रकाश की उचित व्यवस्था न होने के कारण रोशनी की कमी है।<br>• लेबर टेबल पर मैकेन्टास शीट नहीं थी।<br>• कैलिस पैड फुले हुए नहीं थे।<br>• लेबर टेबल पर फुट स्टेप नहीं था।<br>• लेबर रूम में लेबर प्रोटोकाल पोस्टर नहीं थे।<br>• 7 ट्रे सिस्टम व्यवस्थित नहीं था।<br>• लेबर रूम एवं लेबर वार्ड में साफ–सफाई का अभाव था। | प्रकाश की उचित व्यवस्था करने, मैकेन्टास शीट लगाने, कैलिस पैड फुला कर रखने, फूट स्टेप लगाने, प्रसव सम्बन्धी प्रोटोकाल चस्पा करने, 7 ट्रे सिस्टम व्यवस्थित करने, लेबर रूम एवं लेबर वार्ड में साफ–सफाई हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 2 | • सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पर कार्यरत अधिकांश कर्मियों द्वारा एप्रेन नहीं पहना हुआ था। जिन कर्मियों ने एप्रेन पहना हुआ था उन्होंने नेम प्लेट/आई कार्ड नहीं लगायी | उक्त के सम्बन्ध में समस्त कर्मियों को एप्रेन एवं नेम प्लेट/आई कार्ड का उपयोग करने हेतु सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्वास्थ्य कर्मी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | हुई थी। | | |
| 3 | • आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्ययोजना, लॉग बुक रिर्पोट आदि के सम्बन्ध में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। पर्यवेक्षण में कार्ययोजना एवं रिपोर्ट में कमियाँ पायी गयी।<br>• भ्रमण रजिस्टर अद्यनांत नहीं था। | आर0बी0एस0के0 टीम को कमियों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया एवं कमियाँ दूर करने का सुझाव दिया गया।<br>समस्त कर्मियों को भ्रमण रजिस्टर अद्यनांत करने हेतु सुझाव दिया गया। | आर0बी0एस0के0 टीम |
| 4 | • क्वालिटी एश्योरेंस के अन्तर्गत चिकित्सा इकाई में अनुप्रयुक्त एवं खराब सामान/उपकरण आदि को पृथक/कन्डम रूम में रखने एवं रिकार्ड के सम्बन्ध में। | अनुप्रयुक्त एवं खराब सामान/उपकरण आदि को पृथक/कन्डम रूम में रखने एवं रिकार्ड सुरक्षित रखने के सम्बन्ध में सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 5 | • उपरोक्त के साथ ही मेडिसिन स्टोर एवं लाजिस्टक स्टोर का भ्रमण किया गया। | औषधियाँ एवं अन्य लॉजिस्टिक यथा स्थान रखने एवं नामांकित करने का सुझाव दिया गया। | फार्मासिस्ट |
| 6 | • आशाओं का भुगतान, सी0एच0ओ0 के मानदेय एवं पी0बी0आई0 का भुगतान नहीं किया गया था। | आशाओं का भुगतान, सी0एच0ओ0 के मानदेय एवं पी0बी0आई0 का भुगतान यथाशीघ्र करने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ सम्बन्धित अधिकारी |

**<u>प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रम्भौली</u>**

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | • लेबर रूम में डिलिवरी टेबल पर मैकॉन टॉस शीट नहीं थी। उक्त के साथ ही टेबल पर कैलिस पैड भी फूला हुआ नहीं था।<br>• डिलीवरी टेबल पर फुट स्टेप नहीं था।<br>• वाशवेसिन में एलबो टैप नहीं था।<br>• लेबर रूम में बयोबेस्ट मैनेजमेण्ट के सम्बन्ध में प्रोटोकाल पोस्टर का अभाव था। | | सी0एच0ओ0/ डी0सी0पी0एम0/ प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 2 | • आटोक्लेव रूम की गंदा था। | | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 4 | • प्रसव रजिस्टर पर एम0सी0टी0एस0 सं0 का अंकन नहीं किया जा रहा है। | प्रसव रजिस्टर पर एम0सी0टी0एस0 सं0 का अंकन करने हेतु निर्देशित किया गया। | ए0एन0एम0 |
| 5 | • प्रसव कक्ष से लगा हुये शौचालय का फर्श टूटा हुआ था। | उक्त के सम्बन्ध में बी0पी0एम0 द्वारा ए0एन0एम0 को निर्देशित किया गया वह शौचालय का फर्श ठीक करा कर टाईल्स लगवा ले। पेमेन्ट कर दिया जायेगा। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिथौरा

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | • लेबर रूम एवं लेबर वार्ड में प्रकाश की उचित व्यवस्था न होने के कारण रोशनी की कमी है।<br>• लेबर टेबल पर मैकेन्टास शीट नहीं थी।<br>• कैलिस पैड फुले हुए नहीं थे।<br>• लेबर टेबल पर फुट स्टेप नहीं था।<br>• लेबर रूम में लेबर प्रोटोकाल पोस्टर नहीं थे।<br>• 7 ट्रे सिस्टम व्यवस्थित नहीं था।<br>• लेबर रूम एवं लेबर वार्ड में साफ–सफाई का अभाव था। | प्रकाश की उचित व्यवस्था करने, मैकेन्टास शीट लगाने, कैलिस पैड फुला कर रखने, फूट स्टेप लगाने, प्रसव सम्बन्धी प्रोटोकाल चस्पा करने, 7 ट्रे सिस्टम व्यवस्थित करने, लेबर रूम एवं लेबर वार्ड में साफ–सफाई हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 2 | • सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कार्यरत अधिकांश कर्मियों द्वारा एप्रेन नहीं पहना हुआ था। जिन कर्मियों ने एप्रेन पहना हुआ था उन्होंने नेम प्लेट/आई कार्ड नहीं लगायी हुई थी। | उक्त के सम्बन्ध मे समस्त कर्मियों को एप्रेन एवं नेम प्लेट/आई कार्ड का उपयोग करने हेतु सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्वास्थ्य कर्मी |
| 3 | • आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्ययोजना, लॉग बुक रिर्पोट आदि के सम्बन्ध में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। पर्यवेक्षण में कार्ययोजना एवं रिपोर्ट में कमियाँ पायी गयी।<br>• भ्रमण रजिस्टर अद्यनांत नहीं था। | आर0बी0एस0के0 टीम को कमियों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया एवं कमियाँ दूर करने का सुझाव दिया गया।<br>समस्त कर्मियों को भ्रमण रजिस्टर अद्यनांत करने हेतु सुझाव दिया गया। | आर0बी0एस0के0 टीम |
| 4 | • क्वालिटी एश्योरेंस के अन्तर्गत चिकित्सा इकाई में अनुप्रयुक्त एवं खराब सामान/उपकरण आदि को पृथक/कन्डम रूम में रखने एवं रिकार्ड के सम्बन्ध में। | अनुप्रयुक्त एवं खराब सामान/उपकरण आदि को पृथक/कन्डम रूम में रखने एवं रिकार्ड सुरक्षित रखने के सम्बन्ध में सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 5 | • उपरोक्त के साथ ही मेडिसिन स्टोर एवं लाजिस्टक स्टोर का भ्रमण किया गया। | औषधियाँ एवं अन्य लॉजिस्टिक यथा स्थान रखने एवं नामांकित करने का सुझाव दिया गया। | फार्मासिस्ट |
| 6 | • आशाओं का भुगतान, सी0एच0ओ0 के मानदेय एवं पी0बी0आई0 का भुगतान नहीं हो पाया था। | आशाओं का भुगतान, सी0एच0ओ0 के मानदेय एवं पी0बी0आई0 का भुगतान यथाशीध्र करने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/सम्बन्धित अधिकारी |

## हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, पिपरा रसूलपुर

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर की Construction and branding पूर्ण थी। विद्युत एवं पानी की व्यवस्था नहीं थी। | सी0एच0ओ0 को सुझाव दिया गया कि वह इकाई पर प्रबन्ध कर ले | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | इकाई के सम्बन्धित सी0एच0ओ0 द्वारा आशाओ के माध्यम से न तो CBAC Form मंगाये गये न ही लाभार्थियों का NCD Screening कर उन्हें पोर्टल पर अद्यनांत किया गया। | सी0एच0ओ0 को निर्देशित किया गया कि वह आशाओं से समुदाय का CBAC Form भर कर लाये एवं तदानुसार उन्हीं लाभार्थियों की NCD Screening कर उन्हें पोर्टल पर अद्यनांत किया जाये। | सी0एच0ओ0 |
| 3 | उपकेन्द्र पर औषधि एवं जाँच सामग्री निर्धारित स्थान पर रखी हुई थी। | | |
| 4 | विगत 3 माह से इकाई पर ओपीडी 15–16 प्रतिदिन के अनुसार ओपीडी रजिस्टर में दर्ज थी। | सी0एच0ओ0 को निर्देशित किया गया कि वह ग्राम के प्रधान, अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों, जन आरोग्य समिति की सदस्यों के साथ समन्वय कर एवं धर्म गुरूओं के सहयोग से समुदाय को इकाई पर आने के लिए प्रोत्साहित करे। | सी0एच0ओ0 |
| 5 | हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर से सम्बन्धित अन्य प्रपत्रों एवं रजिस्टरों को उचित प्रकार से रखा गया था। | इस सम्बन्ध में जनपद के समस्त सी0एच0ओ0 को चरणबद्व रूप से प्रशिक्षित करना सुनिश्चित करें। | सी0एच0ओ0 / डी0सी0पी0एम0 |
| 6 | सी0एच0ओ0 के पास एप्रेन, नेम–प्लेट, आई–कार्ड, रिवालविंग चेयर, हेल्थ–वेलनेस सेन्टर के अन्दर ब्रान्डिंग, पानी की सप्लाई, हेल्थ–वेलनेस सेन्टर पर आई0ई0सी0, नही था | | |
| **VHND पिपरा रसूलपुर** | | | |
| | • आशा और ए.एन.एम. की ड्यूलिस्ट मैच नहीं हो रही है।<br>• लाभार्थियों को जाँच करने के स्थान पर फर्नीचर एवं पर्दे नहीं है।<br>• वी.एच.एन.डी. का बैनर नहीं लगा हुआ है।<br>• फैमिली प्लानिंग संबंधी सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है।<br>• वी.एच.एन.डी. के दौरान लाभर्थी हेतु रनिंग वाटर की व्यवस्था नहीं थी।<br>• आंगनवाड़ी नहीं थी तथा सी0एच0ओ0 द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस पर ठीक ढंग से एन0सी0डी0 कार्यक्रम की स्क्रीनिंग करने का पर्याप्त संसाधन नही था। | भ्रमण के दौरान आशा एवं ए.एन.एम को ड्यूलिस्ट आपस में मैच करके बनाने तथा वी.एच.एन.डी. हेतु गाइडलाइन के अनुसार व्यवस्थित किये जाने का सुझाव दिया गया। | ए0एन0एन0 / बी0सी0पी0एम0 / अधीक्षक |

राज्य स्तरीय टीम द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी महराजगंज, डा0 नीना वर्मा से भेंट कर फीडबैक दिया गया तथा बैठक में उपस्थिति जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को निम्न सुझाव दिये गये –

1. जनपद व ब्लाक स्तर पर स्थापित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में फर्नीचर कन्जयूमेबिल सामग्री आवश्यक दवाईयां प्रिन्टेड प्रपत्र व रजिस्टर आदि गाइड लाइन के अनुसार उपलब्ध नहीं कराये गये। मुख्य चिकित्साधिकारी महोदया ने बताया यथाशीघ्र उपलब्ध करा दी जायेगी।

2. जनपद व ब्लाक स्तर पर अधिकारियों द्वारा भ्रमण कार्ययोजना मूवमेन्ट रजिस्टर भ्रमण रिपोर्ट आदि प्रॉपर नहीं बनायी जा रही है जिससे जनपद में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण गति धीमी है उक्त को सुचारू रूप से किये जाने का सुझाव दिया गया।

3. जनपद व ब्लाक स्तर फिजिकल व फाइनेंशियल अभिलेखों पर संबंधित अधिकारियों द्वारा अवलोकन हस्ताक्षर नहीं किये जा रहे, जिसको सुनिश्चित कराने हेतु सुझाव दिया गया।

4. जनपद द्वारा अधिकारियों का टीम निर्माण कर प्रत्येक फैसिलिटी के लेबर रूम का एसेसमेन्ट कराना उसको सुसज्जित कराये जाने का सुझाव दिया गया।

5. एच०एम०आई०एस० तथा यू०पी०एच०एम०आई०एस० के ऑकड़ों की नियमित समीक्षा तथा वैलिडेशन प्रत्येक स्तर पर किया जाए।

6. सभी इकाईयों में रोगी कल्याण समिति की बैठकें नियमानुसार करते हुए उसकी कार्यवाही प्रॉपर बनाई जाये तथा व्यय की धनराशि रजिस्टर में दर्शाया भी जाये। आर0के0एस0 रजिस्टर कहीं भी देखने को प्राप्त नहीं हुए।

7.आशा एवं सी.एच.ओ. के कार्यों के अवलोकन उपरांत ससमय भुगतान किया जाने हेतु सुझाव दिए गए।

8.स्वास्थ्य इकाईयों में JSSK कार्यक्रम के अंतर्गत डायट रजिस्टर मेन्टेन कराना तथा डायट चार्ट को वार्डों में दीवार लेखन नहीं किया गया जिससे सुनिश्चित कराये जाने का सुझाव दिया गया।

9.भ्रमण के दौरान कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स द्वारा अवगत कराया गया कि उपलब्ध कराये गये लैपटॉप सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं। इस हेतु सम्बन्धित एजेन्सी से समस्या के निस्तारण का सुझाव प्रदान किया गया।

(बलराम तिवारी)
रीजनल कोआर्डिनेटर स्टेट, कम्यू0प्रो0

(अरविन्द कुमार त्रिपाठी)
परामर्शदाता, आई0ई0सी0, कम्यू0प्रो0